भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
मौखिक प्रश्न सं. †*86
सोमवार, 2 दिसम्बर, 2024/11 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**राजस्थान में पर्यटन क्षेत्र के लिए पहल**

**†*86. श्री पी. पी. चौधरीः**
क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राजस्थान में स्वदेश दर्शन और प्रसाद योजनाओं के तहत शुरू की गई पर्यटन क्षेत्र की परियोजनाओं का उनके स्थानों और विशिष्ट घटकों सहित विस्तृत ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या राजस्थान में पाली जिले या आसपास के किसी भी स्थल को चुनौती आधारित स्थल विकास (सीबीडीडी) योजना के तहत चुना गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) राजस्थान में, विशेष रूप से पाली जैसे अल्प-ज्ञात स्थलों पर पर्यटकों को अपने बजट का 5-10 प्रतिशत स्थानीय वस्तुओं पर खर्च करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु योजनाबद्ध विशिष्ट उपायों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) 'चलो इंडिया' ग्लोबल डायस्पोरा कैंपेन के माध्यम से राजस्थानी प्रवासियों को शामिल करने के लिए क्या कार्यनीतियां हैं और इस पहल के माध्यम से राजस्थान में अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

श्री पी. पी. चौधरी द्वारा राजस्थान में पर्यटन क्षेत्र के लिए पहल के संबंध में दिनांक 02.12.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न सं. †*86 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

(क) से (ख): पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)' और 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत, संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से योजना दिशानिर्देशों के साथ समन्वय, निधियों की उपलब्धता आदि के तहत राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों को संपूरित करता है। राजस्थान में स्वदेश दर्शन और प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना की चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) नामक उप-योजना के अंतर्गत देश में 42 गंतव्यों को चिह्नित किया है, जिसमें राजस्थान का कोई गंतव्य शामिल नहीं है। हालांकि मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के तहत 'बूंदी (केशोरायपाटन)' और 'जोधपुर' को चिह्नित किया है और 17.37 करोड़ रु. की राशि की 'आध्यात्मिक एक्सपीरियंस, केशोरायपाटन' नामक परियोजना को मंजूरी दी है।

(ग): पर्यटन मंत्रालय अपने सतत प्रयास के भाग के रूप में संवर्धनात्मक कार्यकलापों, कार्यक्रमों, वेबसाइट, सोशल मीडिया पर प्रचार-प्रसार आदि के माध्यम से राजस्थान सहित देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों का संवर्धन करता है। ऐसे संवर्धनों में कला एवं शिल्प, व्यंजन, संस्कृति आदि जैसे विविध पर्यटन उत्पादों के साथ-साथ अल्प ज्ञात गंतव्यों का प्रचार भी शामिल है।

(घ): चलो इंडिया अभियान का उद्देश्य प्रवासी भारतीयों को अतुल्य भारत का सक्षम दूत बनाना है। इस अभियान के तहत विदेशी पर्यटकों के लिए नि:शुल्क 1 लाख ई-पर्यटक वीज़ा देने की घोषणा की गई। चलो इंडिया पोर्टल के द्वारा राजस्थानी प्रवासी सहित प्रत्येक प्रवासी सदस्य अपना नाम दर्ज कर एक रेफरल कोड प्राप्त कर सकते हैं, जिसे वह नि:शुल्क वीज़ा दिलाने के लिए अपने गैर-भारतीय मित्रों के साथ साझा कर सकते हैं। नि:शुल्क ई-पर्यटक वीज़ा जारी करने की सीमा चालू वित्तीय वर्ष के अंत तक ही निर्धारित की गई है।

*****

**अनुबंध**

श्री पी. पी. चौधरी द्वारा राजस्थान में पर्यटन क्षेत्र के लिए पहल के संबंध में दिनांक 02.12.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न सं. †*86 के भाग (क) से (ख) के उत्तर में **विवरण**

**राजस्थान में स्वदेश दर्शन और प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण**

**I. राजस्थान राज्य के लिए स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण**

**परियोजना सं. 1**

| **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** | **स्वीकृति की तिथि** |
|---|---|---|
| जयपुर जिले में सांभर लेक टाउन और अन्य स्थलों का विकास | 50.01 करोड़ रु. | सितम्बर 2015 |

**गंतव्य-वार/घटक-वार विवरण**

| **क्र. सं.** | **गंतव्य** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)** | **प्रमुख घटक** |
|---|---|---|---|
| 1. | सॉल्ट ट्रेन और डाइनिंग एक्सपीरियंस | 20.51 | • रेल ट्रैक का उन्नयन<br>• लोकोमोटिव इंजन/कोचों की खरीद<br>• अनुरक्षण डिपो<br>• बुकिंग कियोस्क, सॉल्ट ट्रेन के लिए सहायक अवसंरचना और बोर्डिंग प्लेटफार्म, वॉटर डेक |
| 2. | सांभर सॉल्ट लिमिटेड कॉम्प्लेक्स | 4.38 | • स्थल का विकास<br>• कारों और बसों के लिए पार्किंग<br>• गेट कॉम्प्लेक्स का उन्नयन |
| 3. | कारवां पार्क | 2.59 | • स्थल का विकास |
| 4. | शिल्प हाट | 1.20 | • शिल्प हाट का विकास<br>• प्रशासनिक ब्लॉक |
| 5. | महोत्सव/मेला मैदान | 1.53 | • स्थल का विकास और बाउंडरी वॉल<br>• स्थानीय बाज़ार<br>• मूलभूत सुविधाएं |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6. | नलियासर | 13.75 | • मिनी डेजर्ट नाइट सफारी,<br>• अप्रोच रोड का उन्नयन<br>• झील की तटरेखा का विकास<br>• कैम्पिंग और लॉग हट्स<br>• सहायक अवसंरचना<br>• पर्यटक सूचना केंद्र<br>• ओपन एयर थियेटर<br>• वाटर डेक |
| 7. | नारायणा | 2.19 | • घाटों का विकास,<br>• अप्रोच रोड<br>• मूलभूत पर्यटक सुविधाएं<br>• संकेतक आदि |
| 8. | गुढ़ा से झपोक | 1.9 | • साइकिल ट्रैक का विकास |
| 9. | नलियासर, नारायणा और साइकिल ट्रेल | 0.98 | • सोलर स्ट्रीट लाइटिंग |
| | **कुल** | **49.03** | |
| परामर्श शुल्क @2% | | 0.98 | |
| आकस्मिकता शुल्क @3% | | 0.00 | |
| | **कुल योग** | **50.01** | |

**परियोजना सं. 2**

| **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** | **स्वीकृति की तिथि** |
|---|---|---|
| गोविंद देव जी मंदिर (जयपुर), खाटू श्याम जी (सीकर) और नाथद्वारा (राजसमंद) का एकीकृत विकास | 75.80 करोड़ रु. | सितंबर 2016 |

**गंतव्य-वार/घटक-वार विवरण**

| **क्र. सं.** | **गंतव्य** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)** | **प्रमुख घटक** |
|---|---|---|---|
| 1 | गोविंदजी मंदिर | 8.64 | • पुरानी संरचना का संरक्षण<br>• पाथवे<br>• पर्यटक सुविधाएं और संकेतक |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | • अग्रभाग का सुधार<br>• बेंच, संकेतक, शू रैक आदि |
| 2 | जय निवास उद्यान | 8.04 | • लाइट एंड साउंड शो<br>• पाथवे<br>• लैंडस्केप<br>• संकेतक<br>• कम ऊंचाई वाले प्लांटर्स<br>• लैंडस्केपिंग<br>• ओपन एयर थियेटर<br>• पर्यटक सुविधाएं, |
| 3 | तालकटोरा | 0.08 | • प्रवेश प्लाजा का विकास |
| 4 | पौंड्रिक उद्यान | 0.85 | • लैंडस्केपिंग<br>• पाथवे<br>• गेट का जीर्णोद्धार<br>• पत्थर की रेलिंग |
| 5 | कनक वृंदावन | 1.17 | • सतही पार्किंग<br>• पाथवे<br>• बेंच, संकेतक, कूड़ेदान |
| 6 | गलताजी | 0.31 | • लैंडस्केपिंग एवं स्थल का विकास<br>• पाथवे<br>• सतही पार्किंग<br>• संकेतक, बेंच, कूड़ेदान |
| 7 | सीकर | 29.49 | • सतही पार्किंग,<br>• सार्वजनिक सुविधाएं<br>• कैफेटेरिया<br>• पर्यटक सूचना केंद्र<br>• पर्यटक के बैठने हेतु शेड, ड्राइवर के लिए विश्राम कक्ष<br>• यात्री शेड<br>• पर्यटक सुविधाएं<br>• लैंडस्केपिंग कार्य<br>• सोलर लैंप पोस्ट<br>• पाथवे<br>• संकेतक, बेंच |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | • सुविधा ब्लॉक |
| 8 | नाथद्वारा | 23.60 | • पर्यटक व्याख्या सह सांस्कृतिक केंद्र<br>• सतही पार्किंग<br>• पैदल पथ मार्ग पर लैंडस्केपिंग<br>• संकेतक<br>• ड्रिंकिंग वाटर हट<br>• हाई मास्ट लाइट |
| | **कुल** | **72.19** | |
| | परामर्श शुल्क @2% | 1.44 | |
| | आकस्मिकता शुल्क @3% | 2.17 | |
| | **कुल योग** | **75.80** | |

**परियोजना सं. 3**

| **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** | **स्वीकृति की तिथि** |
|---|---|---|
| आध्यात्मिक परिपथ-चूरू (सालासर बालाजी) -जयपुर (श्री समोदके बालाजी, घाटके बालाजी, बंधेके बालाजी) - विराटनगर (बीजक, जैनसिया, अंबिका मंदिर) - भरतपुर (कामां क्षेत्र) - धौलपुर (मुचकुंद) -मेहंदीपुर बालाजी -चित्तौड़गढ़ (सांवलियाजी) का विकास | 87.05 करोड़ रु. | मार्च 2017 |

**गंतव्य-वार/घटक-वार विवरण**

| **क्र. सं.** | **गंतव्य** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रू. में)** | **प्रमुख घटक** |
|---|---|---|---|
| 1 | सालासर बालाजी | 6.77 | • पार्किंग स्थल<br>• पार्किंग तक अप्रोच रोड<br>• शौचालय ब्लॉक,<br>• हाई मास्ट लाइट्स<br>• मूलभूत सुविधाएं<br>• संकेतक |
| 2 | श्री समोद बालाजी | 1.72 | • पर्यटक सुविधा केंद्र<br>• स्वास्थ्य केंद्र<br>• पर्यटकों के लिए मूलभूत सुविधाएं |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | • पेयजल सुविधाएं<br>• शौचालय ब्लॉक<br>• बेंच<br>• हाई मास्ट लाइट्स<br>• सोलर लाइट्स<br>• संकेतक |
| 3 | घाट के बालाजी | 4.58 | • तीर्थयात्री विश्राम क्षेत्र<br>• पार्किंग<br>• पर्यटक सुविधाएं |
| 4 | बंधे के बालाजी | 0.62 | • मूलभूत पर्यटक सुविधाएं<br>• पार्किंग<br>• संकेतक<br>• सोलर लाइट |
| 5 | बीजक बौद्ध मठ | 5.85 | • सांस्कृतिक सह व्याख्या केंद्र<br>• संकेतक<br>• बेंच |
| 6 | महादेव गणेश मंदिर एवं अन्य स्थान | 0.41 | • सीसीटीवी निगरानी प्रणाली<br>• संकेतक<br>• पर्यटक सुविधा केंद्र |
| 7 | अशोक शिलालेख | 0.07 | • संकेतक<br>• बेंच<br>• पेयजल सुविधाएं<br>• सोलर लाइट |
| 8 | जैनसिया और निकटवर्ती क्षेत्र | 0.60 | • सतही पार्किंग<br>• लैंडस्केपिंग<br>• पर्यटक सुविधा केंद्र<br>• पेयजल सुविधाएं<br>• सोलर लाइट |
| 9 | अंबिका मंदिर (शक्ति पीठ) | 1.07 | • अंतिम मील तक कनेक्टिविटी<br>• संकेतक<br>• पेयजल सुविधाएं<br>• बेंच<br>• सोलर लाइट |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10 | विमल कुंड | 5.25 | • विमल कुंड का पुनरुद्धार<br>• पाथवे का विकास<br>• पर्यटक सुविधा केंद्र<br>• मूलभूत सुविधाएं |
| 11 | मुचकुंद | 19.30 | • लाइट एंड साउंड शो<br>• सांस्कृतिक सह व्याख्या केंद्र<br>• पर्यटक विश्राम केंद्र<br>• पार्किंग<br>• पर्यटक सुविधाएं<br>• केबलों को भूमिगत करना |
| 12 | गोपीनाथजी मंदिर | 0.04 | • पर्यटक सुविधाएं |
| 13 | वृंदा रानी मंदिर | 0.06 | • संकेतक<br>• बेंच |
| 14 | चन्द्रमा मंदिर | 0.05 | • संकेतक<br>• बेंच |
| 15 | मदन मोहन मंदिर | 0.08 | • संकेतक<br>• कूड़ेदान |
| 16 | कमान महल एवं स्टेडियम | 0.49 | • पर्यटक सुविधा केंद्र<br>• पर्यटक सुविधाएं |
| 17 | मेहंदीपुर बालाजी | 17.97 | • तीर्थयात्री विश्राम क्षेत्र<br>• पार्किंग<br>• तीर्थयात्री प्रतीक्षा क्षेत्र<br>• यात्री शेड और मूलभूत सुविधाएं |
| 18 | सांवलिया सेठजी मंदिर | 17.97 | • पर्यटक सुविधा केंद्र<br>• एंपीथिएटर<br>• कैफेटेरिया<br>• लेजर वॉटर शो<br>• मूलभूत सुविधाएं |
| | **कुल** | **82.9** | |
| परामर्श शुल्क @2% | | 1.66 | |
| आकस्मिकता शुल्क @3% | | 2.49 | |

| | | |
|---|---|---|
| **कुल योग** | **87.05** | |

**परियोजना सं. 4**

| **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** | **स्वीकृति की तिथि** |
|---|---|---|
| विरासत परिपथ-राजसमंद (कुंभलगढ़ किला) - जयपुर (जयपुर और नाहरगढ़ किले के अग्रभाग में प्रकाश व्यवस्था) - झालावाड़ (गगरोन किला) - चित्तौड़गढ़ (चित्तौड़गढ़ किला) - जैसलमेर (जैसलमेर किला) - हनुमानगढ़ (गोगामेडी) - उदयपुर (प्रताप गौरव केंद्र) - धौलपुर (बाग-ए- नीलोफर और पुरानी छावनी) - नागौर (मीरा बाई स्मारक, मेड़ता) - टोंक (सुनहरी कोठी) का विकास | 70.61 करोड़ रु. | जून 2017 |

**गंतव्य-वार/ घटक-वार विवरण**

| **क्र. सं.** | **गंतव्य** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)** | **प्रमुख घटक** |
|---|---|---|---|
| 1 | कुंभलगढ़ किला | 5.5 | • लाइट एंड साउंड शो |
| 2 | नाहरगढ़ किला | 1.00 | • विश्राम स्थल<br>• संकेतक<br>• लाकर्स<br>• क्लोक रूम<br>बेंच, पेयजल, आदि<br>• शौचालय |
| 3 | गगरोन किला | 1.06 | • पर्यटक सुविधा केंद्र<br>• पाथवे का विकास<br>• सतही पार्किंग<br>• ड्राइवर का विश्राम क्षेत्र<br>• लैंडस्केपिंग<br>• प्रकाश व्यवस्था<br>• शौचालय, कूड़ेदान, बेंच, संकेतक आदि। |
| 4 | चित्तौड़गढ़ किला | 5.5 | • लाइट एंड साउंड शो |
| 5 | जैसलमेर किला | 6.23 | • गड़सीसर झील पर लेजर वॉटर शो |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6 | प्रताप गौरव केंद्र | 7.16 | • लेजर वॉटर शो<br>• लैंडस्केपिंग<br>• पार्किंग<br>• प्रतिमा तक जाने वाले मार्ग के लिए रेलिंग<br>• हाई मास्ट लाइट<br>• सोलर लाइट्स<br>• वाईफ़ाई |
| 7 | बाग़-ए-नीलोफ़र | 0.55 | • अप्रोच रोड<br>• संकेतक<br>• स्टोन प्लाज़ा |
| 8 | पुरानी छावनी, धौलपुर | 0.69 | • सतही पार्किंग<br>• लैंडस्केपिंग<br>• स्टोन प्लाज़ा<br>• कूड़ेदान, बेंच, संकेतक आदि। |
| 9 | मीरा बाई स्मारक, मेड़ता | 2.09 | • लाइट एंड साउंड शो<br>• मुख्य द्वार की प्रकाश व्यवस्था |
| 10 | गोगामेड़ी, हनुमानगढ़ | 6.85 | • तीर्थयात्री/पर्यटक विश्राम केंद्र का विकास<br>• पार्किंग<br>• लैंडस्केपिंग |
| 11 | जयपुर शहर | 29.86 | • गेटों, चारदीवारी, बाजार के अग्रभागों की प्रकाश व्यवस्था<br>• प्रकाश प्रबंधन प्रणालियाँ<br>• विद्युत कार्य |
| 12 | सुनहरी कोठी | 0.75 | • लैंडस्केपिंग, हार्डस्केपिंग और बेंच<br>• ट्यूबवेल<br>• शौचालय<br>• सोलर लाइट्स<br>• सीसीटीवी |
| **कुल** | | **67.24** | |
| परामर्श शुल्क @2% | | 1.35 | |
| आकस्मिकता शुल्क @3% | | 2.02 | |

| | | |
|---|---|---|
| **कुल योग** | **70.61** | |

### II. स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत स्वीकृत परियोजना का विवरण

| परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि | स्वीकृति की तिथि |
|---|---|---|
| केशवरायपाटन में आध्यात्मिक एक्सपीरियंस | 17.37 करोड़ रु. | फरवरी, 2024 |

**घटक-वार विवरण**

| क्र. सं. | घटक | लागत (लाख रु. में) |
|---|---|---|
| 1 | पार्किंग और प्रवेश प्लाजा | 98.42 |
| 2 | ऑनलाइन टिकट के लिए वेबसाइट का विकास | 14.41 |
| 3 | व्याख्या केंद्र और टिकट का क्षेत्र | 60.02 |
| 4 | घाट का विकास एवं आरती मंच | 354.41 |
| 5 | संकेतक और वेफाइंडिंग | 0.98 |
| 6 | शौचालय और स्नान क्षेत्र | 69.44 |
| 7 | भोजनालय और पर्यटक सुविधाएं | 169.69 |
| 8 | मंदिर जीर्णोद्धार और बैस्टियन दीवार का जीर्णोद्धार; | 479.05 |
| 9 | मंदिर के अग्रभाग पर प्रकाश व्यवस्था, फ्लड लाइटिंग और संबद्ध अवसंरचना | 108.06 |
| 10 | नाव और जेटी | 46.63 |
| | उप-योग (ए) | 1,401.11 |
| | जीएसटी (ए का 18%) | 252.20 |
| | एसआईए शुल्क (ए का 3%) | 42.03 |
| | आकस्मिकता (ए का 2%) | 28.02 |
| | डीएमओ शुल्क (ए का 1%) | 14.01 |
| | **कुल (बी)** | **1,737.38** |

### III. राजस्थान राज्य में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजना

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि/स्वीकृति वर्ष | प्रमुख घटक |
|---|---|---|---|
| 1 | पुष्कर/अजमेर | 32.64 करोड़. | अजमेर शरीफ दरगाह में विकास (अग्रभाग का |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | का एकीकृत विकास | रु. 2015-16 | नवीनीकरण, टेंसिल फेब्रिक स्ट्रक्चर, छायांकन उपकरण)<br><br>दिल्ली गेट और दरगाह गेट चौक का सुधार (प्रकाश व्यवस्था, नवीनीकरण कार्य)<br><br>रेल एवं बस स्टैंड पर पर्यटक सूचना कियोस्क तथा पुष्कर सरोवर तथा पुष्कर मार्केट स्ट्रीट पर जीर्णोद्धार एवं विकास कार्य<br><br>ब्रह्म मंदिर, सावित्री माता मंदिर एवं परिक्रमा पथ, पुष्कर में विकास कार्य |

*****